ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा-846004

पत्रांक: C/DR-I/4130-231/23 दिनांक: 19/05/2023

सेवा में,

1. सभी विभागाध्यक्ष / संकायाध्यक्ष, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
2. सभी प्रधानाचार्य, अंगीभूत महाविद्यालय, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
3. सभी पदाधिकारी, ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

विषय :– वैसे शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी (कार्यरत/से0नि0/मृत एवं न्याय पालिका से संबंधित) जिन्होंने वेतन सत्यापन कोषांग, पटना के पोर्टल पर वेतन सत्यापन हेतु Online आवेदन समर्पित नहीं किया है, उन्हें Online आवेदन अविलम्ब करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त सन्दर्भ में सूचनीय है कि राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय स्तर से कई पत्र प्रेषण के बावजूद भी आपके संस्थान के कार्यरत, अवकाश प्राप्त एवं मृत कर्मियों के उत्तराधिकारी द्वारा Online आवेदन नहीं किया गया है, साथ ही कई कर्मियों से संबंधित वाद भी चल रहा है। वाद का निदान हेतु भी वेतन सत्यापन पत्र आवश्यक है। राज्य सरकार, शिक्षा विभाग के पत्रांक 1915 दिनांक 09.07.2022 एवं पत्रांक 1916 दिनाक 09.07.2022 के द्वारा निदेशित किया गया है, कि सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों का वेतन सत्यापन हेतु https://state.bihar.gov.in/educationbihar/CitizenHome.html के माध्यम से Pay Verification Cell पोर्टल पर व्यक्तिगत एवं सेवा संबधित Data निश्चित रूप से अपलोड कराना आवश्यक है। विदित हो कि विश्वद्यिालय के विभिन्न पत्रांक द्वारा समय–समय पर Online आवेदन करने की तिथि विस्तारित भी की गई है, लेकिन अभी भी अनेक कर्मियों का Online आवेदन अप्राप्त है।

अतएव सभी संबंधित विभागाध्यक्षों, प्रधानाचार्यों एवं पदाधिकारियों से आग्रह है कि स्थिति की गभीरता को समझते हुए अविलम्ब कोषांग के Web portal पर वेतन सत्यापन हेतु Data upload कराना सुनिश्चित करेंगें। विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्रांक C/DR-I/14495-14592/22 दिनांक 27.06.22 द्वारा Online की विहित प्रक्रिया पूर्ववत जारी रहेगी। अपने–अपने विभाग से पत्र निर्गत कर संबंधित कर्मियो से Online आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कराने की कार्रवाई करेगें। वेतन सत्यापन पत्र न्यायिक कार्यो के संपादन हेतु भी आवश्यक है।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाय।

ह0/–
कुलसचिव

ज्ञापांक: C/DR-I/4232/23 दिनांक: 19/05/2023

प्रतिलिपि प्रेषित :–

1. **सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी,** अंगीभूत महाविद्यालय, विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभाग एवं विश्वविद्यालय मुख्यालय, ल0ना0मि0वि0वि0, दरभंगा को Data upload हेतु सूचनार्थ प्रेषित।
2. **सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ,** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. **मीडिया प्रभारी/वेबसाईट प्रभारी,** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
4. **कुलपति के निजी सचिव/प्रति–कुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक,** ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. **गार्ड फाईल,** स्थापना शाखा, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

19/05/23
कुलसचिव

18.05.23